दिन– मंगलवार दिनांक– 17 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मीकिनगर, मुजफ्फरपुर और सहरसा में छोटे हवाई अड्डे के निर्माण को राज्य कैबिनेट की मंजूरी। फिलहाल निर्माण के लिए एक सौ पचास करोड़ रूपये आवंटित किये गए।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीस जून को सीवान के जसौली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मढ़ौरा रेल इंजन फैक्ट्री में बने इंजन के निर्यात की पहली खेप को हरी झंडी दिखायेंगे।

03. केंद्र सरकार ने बिहार समेत देशभर में दो हजार ड्राईविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मानसून पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते राज्य के पूर्वी भागों में प्रवेश किया। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, जमुई, बांका और नवादा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

राज्य सरकार ने मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मीकिनगर, मुजफ्फरपुर और सहरसा में छोटे हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दी है। उड़ान योजना के तहत इन हवाई अड्डों को विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि जल्द ही भारतीय विमानन प्राधिकरण के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये जायेंगे।

–––बाइट–––

डॉ. सिद्धार्थ ने बताया कि बैठक में प्रदेश में दलहन और तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इन फसलों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

–––बाइट–––

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि आज की बैठक में शिक्षा क्षेत्र में विकास के लिए भी कई निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालय अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। श्री सिद्धार्थ ने कहा कि अनुकंपा के आधार पर शैक्षिक और गैर शैक्षणिक पदों पर बहाली की जाएगी।

———बाइट———

कैबिनेट की बैठक में महिला सरकारी सेवकों को उनके पदस्थापन की जगह के निकट आवास की सुविधा उपलब्ध कराने, राज्य में स्पोर्ट्र्स इंजरी इकाई की स्थापना, ग्राम पंचायत कार्यालयों में आठ हजार से अधिक पदों पर बहाली समेत कुल बीस एजेंडों पर मुहर लगी है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीस जून को सीवान के जसौली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य में सात हजार करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। श्री मोदी गोरखपुर से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन का लोकार्पण समेत कई सौगात देंगे। इधर, एनडीए नेताओं ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सीवान, गोपालगंज और छपरा में बैठक की। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल, केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह और जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत कई गणमान्य नेता शामिल रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह दौरा इस पूरे क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा देगा।

———बाइट———

वहीं, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी लगातार देश और बिहार के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सब को मिलकर प्रधानमंत्री के प्रयासों को सफल बनाना है।

———बाइट———

———————————————————

प्रधानमंत्री श्री मोदी अपने सीवान दौरे के दौरान मढ़ौरा रेल इंजन फैक्ट्री में बने रेल इंजन के अफ्रिकी देशों में निर्यात की पहली खेप को हरी झंडी दिखायेंगे। मढ़ौरा लोकमोटिव फैक्ट्री सीईओ मनीष कुमार ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि भारत अफ्रिकी देश गिनी को एक सौ तैंतालीस आधुनिक डीजल रेल इंजन निर्यात करेगा।

———बाइट———

---

केंद्र सरकार ने देश के अलग अलग भागों में दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की है। श्री गडकरी ने कहा कि ये प्रशिक्षण स्कूल देश के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में खोले जाएंगे और इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

———बाइट———

---

राज्य में नगरपालिका चुनावों में पहली बार एप के माध्यम से ई—वोटिंग की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त दीपक प्रसाद ने कहा कि अट्ठाईस जून को होने वाले मतदान में प्रवासी मजदूर, दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित मतदाता और बुजुर्ग वोटर ई—वोटिंग के माध्यम से घर बैठे मोबाईल से वोट डाल सकेंगे।

———बाइट———

---

ईरान और इजराईल के बीच जारी युद्ध के बीच भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रयास तेज कर दिये हैं। ईरान की राजधानी तेहरान में भारतीय दूतावास ने सुरक्षा कारणों से भारतीय विद्यार्थियों को शहर से बाहर भेज दिया है। विदेश मंत्रालय के वक्तव्य में बताया गया है कि जिन नागरिकों के पास आने जाने की अपनी व्यवस्था है उन्हें भी स्थिति को देखते हुए शहर से बाहर जाने को कहा गया है। कुछ भारतीयों को आर्मेनिया से लगने वाली सीमा से ईरान से बाहर निकलने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

---

दक्षिण—पश्चिम मानसून पूर्णिया और किशगनंज के रास्ते राज्य के पूर्वी भागों में प्रवेश कर गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बांका, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया, मधेपुरा, सहरसा और सुपौल जिलों में मानसून की बारिश का सिलसिल शुरू हो गया है। अगले अड़तालीस घंटों में इन क्षेत्रों में मॉनसून के प्रभाव से मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। विभाग ने कहा है कि

छब्बीस जून तक पूरे राज्य में मानसून सक्रिय हो जाएगा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के निदेशक आशीष कुमार ने कहा है कि इस वर्ष मानसून की सक्रियता सामान्य से अधिक रहेगी, जिसके कारण राज्य के अधिकतर भागों में सामान्य से करीब ग्यारह फीसदी अधिक बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाइट———

---

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, जमुई, बांका और नवादा जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के विभिन्न भागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक पचासी दशमलव दो मिलीमीटर बारिश सीवान जिले के अंदार में दर्ज की गयी। वहीं, भागलपुर, पश्चिम चंपारण, सहरसा और सारण के कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश हुई है।

---

इधर, नेपाल के तराई क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण पश्चिम चंपारण के बगहा में भपसा नदी में अचानक आई बाढ़ से नुकसान हुआ है। लोगों को आने–जाने में भी परेशानी हो रही है। वहीं, कैमूर जिले के विभिन्न भागों में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

---

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला लाया है। इस कडी में आज, हम सभी के लिए किफायती और स्वास्थ्य सेवा पर जानकारी दे रहे हैं। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

पिछले एक दशक में, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख पहलों ने लगभग 55 करोड़ लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। जबकि आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत, 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने स्वास्थ्य सेवा वितरण को आधुनिक बनाया है, जिसके अंतर्गत 78 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए गए हैं। इसके अलावा, पीएम–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। पूर्वोत्तर में असम में पहले एम्स सहित कई राज्यों में एम्स की स्थापना और विस्तार, विकेंद्रीकरण और चिकित्सा शिक्षा के लिए सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सरकार ने कोविड–19 महामारी के दौरान पहला मामला दर्ज होने से पहले हवाईअड्डों पर स्क्रीनिंग से लेकर वैक्सीन टास्क फोर्स का गठन और तुरंत देशव्यापी लॉकडाउन लगाने तक त्वरित और साहसिक कदम उठाए। इसके अलावा, ब्वॅप्छ प्लेटफॉर्म के माध्यम से सुचारू रूप से वैक्सीन वितरण सुनिश्चित किया गया, 220 करोड़ से अधिक खुराकें दी गईं, जबकि मैंदरममअंदप ने टेलीकंसल्टेशन को सक्षम

बनाया, जिससे मरीज घर से चिकित्सकों से जुड़े रहे। ‘सभी के लिए स्वास्थ्य’ के दृष्टिकोण के अंतर्गत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में भारत की स्वास्थ्य सेवा की पहुँच का विस्तार करने और इसकी गुणवत्ता में सुधार करने में अभूतपूर्व प्रगति की है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोज़ी

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मधुबनी, वीरपुर, मुंगेर, वाल्मीकिनगर, मुजफ्फरपुर और सहरसा में छोटे हवाई अड्डे के निर्माण को राज्य कैबिनेट की मंजूरी। फिलहाल निर्माण के लिए एक सौ पचास करोड़ रूपये आवंटित किये गए।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीस जून को सीवान के जसौली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मढ़ौरा रेल इंजन फैक्ट्री में बने इंजन के निर्यात की पहली खेप को हरी झंडी दिखायेंगे।

03. केंद्र सरकार ने बिहार समेत देशभर में दो हजार ड्राईविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया।

04. और, दक्षिण–पश्चिम मानसून पूर्णिया और किशनगंज के रास्ते राज्य के पूर्वी भागों में प्रवेश किया। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, जमुई, बांका और नवादा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।